आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 22.05.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,---

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति से की मुलाकात, कई अहम क्षेत्रों में हुए समझौते ।
- कल 19वें रोजगार मेले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 51 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र ।
- भोपाल में इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस का प्री-समिट, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- सभी टाइगर रिजर्व के पास बनेंगे वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर ।
- ट्विशा शर्मा मामले में हाईकोर्ट ने AIIMS दिल्ली से दूसरा पोस्टमार्टम कराने का दिया आदेश, प्रदेश सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी ।

पीएम मोदी- मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से मुलाकात की। दोनों देशों ने आतंकरोधी, नवाचार, उच्च शिक्षा और सांस्कृतिक सहयोग समेत कई क्षेत्रों में समझौते किए। श्री मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हो चुका है और अगले पांच साल में इसे फिर दोगुना करने का लक्ष्य है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह मेला देश के 47 स्थानों पर एक साथ आयोजित होगा। चुने गए युवा रेल, गृह, स्वास्थ्य और वित्त समेत कई

सरकारी विभागों में काम संभालेंगे। श्री मोदी इस मौके पर युवाओं को संबोधित भी करेंगे।

आईबीसीए प्री-समिट

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आज भोपाल के आईआईएफएम में इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस का प्री-समिट हुआ। केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की जीडीपी का आधे से अधिक हिस्सा जैव विविधता से जुड़ा है और इसे बचाना जरूरी है। वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व के आसपास वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर बनाए जाएंगे ताकि घायल जानवरों को भोपाल न लाना पड़े।

वैष्णव -दौरा

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दो दिन के राजस्थान दौरे पर हैं। उन्होंने आज जोधपुर रेलवे स्टेशन से दिल्ली कैंट के लिए 20 डिब्बों वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया, जिसमें पहले सिर्फ 8 डिब्बे थे। इस मौके पर उन्होंने भगत की कोठी में वंदे भारत स्लीपर कोच कार्यशाला के दूसरे चरण और जैसलमेर में नए कोच केयर कॉम्प्लेक्स का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। श्री वैष्णव ने कहा कि राजस्थान के लिए दस हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट रखा गया है।

सिंधिया -अशोकनगर

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज दो दिन के प्रदेश दौरे पर हैं। वे अपने संसदीय क्षेत्र के अशोकनगर, शिवपुरी और गुना जाएंगे। दौरे से पहले श्री

सिंधिया ने समर्थकों से अपील की कि उनके स्वागत में कोई पेट्रोल-डीजल वाहन न लाए। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में ईंधन बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

राज्यसभा चुनाव

चुनाव आयोग ने राज्यसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। 18 जून को 12 राज्यों की 26 सीटों पर वोट डाले जाएंगे, जिनमें प्रदेश की तीन सीटें भी शामिल हैं। इन तीनों सीटों पर बैठे सदस्यों का कार्यकाल 21 जून को खत्म हो रहा है। इनमें कांग्रेस के दिग्विजय सिंह और बीजेपी के जॉर्ज कुरियन व डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी हैं।

ट्विशा शर्मा-मामला

ट्विशा शर्मा केस में आरोपी पति समर्थ सिंह आज शाम जबलपुर जिला कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा। इससे पहले समर्थ सिंह ने हाईकोर्ट में दायर अपनी अग्रिम जमानत याचिका भी वापस ले ली थी। वहीं हाईकोर्ट ने आज ट्विशा का दोबारा पोस्टमार्टम कराने के आदेश दिए हैं, जो दिल्ली AIIMS के डायरेक्टर की अगुवाई में भोपाल AIIMS में होगी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी और तब तक पुलिस को शव सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी तरफ प्रदेश सरकार ने सीबीआई जांच के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेज दिया है।

भोजशाला

धार में भोजशाला को वाग्देवी मंदिर घोषित करने के बाद आज पहले शुक्रवार को हिंदू समुदाय ने पूजा-अर्चना की। हाईकोर्ट ने 15 मई को शुक्रवार की नमाज पर रोक लगाते हुए यह फैसला दिया था। आज सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और दोपहर 1 बजे महाआरती हुई। माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और करीब 1800

सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

कृष्णा गौर-आवासीय पट्टा

राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने अशोकनगर कलेक्टर को चंदेरी के गाड़िया लोहार परिवारों को जल्द आवासीय पट्टे दिलाने के निर्देश दिए हैं। गाड़िया लोहार समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से मिलकर अपनी मांग रखी। इन परिवारों के आधार कार्ड और वोटर आईडी सब चंदेरी के बने हैं, फिर भी 20 साल से रहने के बावजूद पट्टे नहीं मिले। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सभी पात्र परिवारों को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ दिया जाएगा।

अग्निवीर भर्ती

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 1 जून से 12 जून तक भोपाल के दो परीक्षा केंद्रों पर होगी। परीक्षा हर रोज चार शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस साल से क्लर्क और स्टोर कीपर पदों के अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन केंद्र पर ही लिया जाएगा।

CBSE-आंसर शीट

सीबीएसई ने 12वीं की आंसर शीट की स्कैन कॉपी मांगने की आखिरी तारीख एक दिन बढ़ाकर 24 मई कर दी है। दरअसल, बोर्ड की वेबसाइट पर एक साथ बहुत ज्यादा आवेदन आने से तकनीकी दिक्कत आ गई थी। इसी वजह से छात्र समय पर आवेदन नहीं कर पा रहे थे, जिसके बाद बोर्ड ने यह फैसला लिया।

## कैशलेस आयुष इलाज

प्रदेश में ESIC के तहत पंजीकृत मजदूरों और उनके परिवार को अब कैशलेस आयुष चिकित्सा का फायदा मिलेगा। इसके लिए श्रम विभाग और आयुष विभाग के बीच एक अहम समझौता हुआ है। श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार की मौजूदगी में यह एमओयू साइन किया गया।

## मौसम

प्रदेश में नौतपा से पहले ही गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। कई शहरों में पारा 38 से 40 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आज 41 जिलों में लू की चेतावनी जारी की। वहीं निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना और सतना में तीव्र लू का रेड अलर्ट रहा। इसके अलावा 25 मई से नौतपा शुरू होगा और उसके बाद गर्मी और भी बढ़ने की आशंका है।

## अंडर-18 एशिया कप

जापान में होने वाले अंडर-18 एशिया कप के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के 6 खिलाड़ियों को जगह मिली है। इनमें गोलकीपर आयुष रजक, डिफेंडर अंश बहुत्रा और करण गौतम, मिडफील्डर अवि माणिकपुरी और फॉरवर्ड सिद्धार्थ बेन और गाजी खान शामिल हैं। वहीं महिला अंडर-18 एशिया कप 2026 के लिए भी प्रदेश से चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चुनी गई खिलाड़ियों में गोलकीपर महक परिहार, मिडफील्डर स्नेहा दावड़े , नम्मी गीताश्री और फॉरवर्ड नौशीन नाज़ शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

- आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने आज शहडोल के सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे मध्य क्षेत्र कार्यकर्ता विकास वर्ग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई का सदुपयोग पर बल दिया है।
- बैतूल कलेक्टर ने आज रानीपुर पुलिस थाना म्यूजियम में संरक्षित ऐतिहासिक सामग्री एवं स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों और वस्तुओं की जानकारी प्राप्त की।
- झाबुआ कलेक्टर आज राणापुर विकासखंड के ग्राम समोई में संतृप्ति शिविर में शामिल हुए और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर समाधान के निर्देश दिए।
- बुरहानपुर में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने इंदौर–इच्छापुर हाईवे निर्माण का निरीक्षण कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।
- राजगढ़ जिले की 23 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों के लिए जारी भर्ती की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है।
- शहडोल के केशवाही वन परिक्षेत्र में एक जंगली हाथी के रेस्क्यू के लिए वन विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है।
- खंडवा में आगामी त्योहारों को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।
- आईपीएल में अब से कुछ देर में हैदराबाद में सनराइजर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आमने-सामने होंगी।

-----------------------------